BIMSTEC युवा शिखर सम्मेलन 2025

स्रोत: पी.आई.बी.

गुजरात के गांधीनगर में पहली बार बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC) **युवा शिखर सम्मेलन 2025** का उद्घाटन किया गया, इस कार्यक्रम में **कौशल विकास, उद्यमिता और क्षेत्रीय सहयोग** पर बल दिया गया।

शिखर सम्मेलन की मुख्य बातें:

- **विषय:** *"[illegible]-[illegible] [illegible]-[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]"*
- **युवा-केंद्रित फोकस**: इस शिखर सम्मेलन में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि **BIMSTEC की 1.8 बिलियन जनसंख्या में 60%** से अधिक युवा हैं, जो **क्षेत्रीय विकास** में इनकी भूमिका को रेखांकित करता है।
  - उन्होंने **वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र** बनाने के लक्ष्य पर प्रकाश डाला तथा युवाओं की भागीदारी पर बल दिया।
- **स्टार्टअप नेटवर्क:** भारत ने **नवाचार और उद्यमिता** को बढ़ावा देने के लिये **BIMSTEC-व्यापी स्टार्टअप नेटवर्क** का प्रस्ताव रखा।
- **BIMSTEC:** BIMSTEC एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें **भारत, बांग्लादेश, म्याँमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान** शामिल हैं।
  - **यह** बंगाल की खाड़ी क्षेत्र **में सहयोग को मज़बूत करते हुए जलवायु परिवर्तन,** गरीबी **और स्थिरता से निपटता है।**
- **युवा सशक्तीकरण के लिये भारत की प्रतिबद्धता:** भारत के **कौशल भारत मिशन**, **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020** और **PM इंटर्नशिप योजना ने 15 मिलियन युवाओं** को AI, रोबोटिक्स और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया है।
  - भारत का **स्टार्टअप इकोसिस्टम विश्व का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है,** जिसमें **157,000 स्टार्टअप** हैं, जिनमें से लगभग **आधे महिलाओं के नेतृत्व** में हैं।

//



और पढ़ें: बिम्सटेक चार्टर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bimstec-youth-summit-2025